दिन–रविवार दिनांक– 19 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में कल मतदान होगा। इस चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या उनचास लाख निन्यानवे हजार छह सौ सत्ताईस और महिला मतदाताओं की संख्या पैंतालीस लाख ग्यारह हजार दो सौ उनसठ है। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन सौ है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले लोगों की संख्या एक लाख छब्बीस हजार एक सौ चौवन है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग साठ हजार सुरक्षा बल और पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात किये गये हैं। दियारा क्षेत्र और नेपाल से सटे सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी है। अन्तर जिला चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच की जा रही है। दियारा क्षेत्रों में नदी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। लगभग बीस घुड़सवारी दल भी तैनात किये गये हैं, जो दियारा के सुदूर इलाकों में निगरानी करेंगे। मतदान के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दरभंगा में दो एयर एम्बुलेंस को भी तैनात रखा गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पांचवें चरण में प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके

अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सारण संसदीय क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा के राजीव प्रताप रूडी और राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के बीच माना जा रहा है। हाजीपुर सुरक्षित सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए प्रत्याशी लोजपा–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और राजद के शिवचंद्र राम के बीच है। वहीं, सीतामढ़ी में एनडीए प्रत्याशी जदयू के देवेश चंद्र ठाकुर और राजद के अर्जुन राय आमने–सामने हैं। मधुबनी में भाजपा के अशोक यादव और राजद के अली अशरफ फातमी के बीच मुख्य मुकाबला है। इधर, मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर भाजपा के राज भूषण चौधरी निषाद को कांग्रेस के अजय निषाद चुनौती दे रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों के लिए प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पश्चिम चंपारण संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय जायसवाल के समर्थन में बेतिया के बड़ा रमना मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीवान और गोपालगंज संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र और सीवान संसदीय क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की सभा सीवान के गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री कल शाम अपने बिहार दौरे के तहत पटना पहुंचेंगे। श्री मोदी राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आज कहा कि उनकी पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करती है। श्री रमेश ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुस्लिम धर्म में कुछ जातियां आरक्षण के दायरे में आती है उसी के आधार पर कर्नाटक में आरक्षण दिया गया है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने जांच के दौरान रक्सौल थाना क्षेत्र के नागा रोड में छापेमारी के दौरान साठ लाख अठारह हजार रूपये से अधिक नेपाली और चौंतीस लाख रूपये से अधिक भारतीय नोट जब्त किये हैं। इस संबंध में आयकर विभाग को सूचना दे दी गयी है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिकतर जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।